नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी 1934 से




# भारत की यूरोप के 27 देशों से डील

## पीएम नरेंद्र मोदी बोले- कारोबारी मौके का पूरा फायदा उठाएंगे

**18** साल बाद भारत-ईयू में ऐतिहासिक ट्रेड डील

**99** % भारतीय उत्पादों को संघ के देशों में मिलेगा प्रवेश

**2027** में समझौते को लागू किए जाने की संभावना

**100** से ज्यादा बिजनेस फोरम के सीईओ हुए शामिल



**नई दिल्ली, 27 जनवरी.** भारत और यूरोप के 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) ने 18 साल बाद मंगलवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार संधि की घोषणा की, जिससे दुनिया में दो अरब लोगों की संयुक्त आबादी का अब तक का सबसे बड़ा साझा मुक्त बाजार बनेगा. इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर यूरोपीय संघ के देशों में प्रवेश मिलेगा. बता दें कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ईयू दूसरी सबसे बड़ी.

भारत-ईयू बिजनेस फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि कारोबारी इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से मिलने वाले मौकों का पूरा फायदा उठाएंगे. उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत और ईयू दोनों की प्राथमिकताओं से जुड़ा है और इससे व्यापारिक साझेदारियों को भी लाभ होगा. मोदी ने कहा कि आज दुनिया में व्यापार तकनीक और रेयर खनिजों को हथियार बनाकर इनका इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए भारत और ईयू को मिलकर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए.

( विस्तृत खबर पेज 5 पर )

### कोस्टा ने खुद को प्रवासी भारतीय बताया

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने खुद को प्रवासी भारतीय बताया. उन्होंने कहा, हमें भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनने का सौभाग्य मिला. यह भारत की विविधता का बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन था. आज का दिन भी ऐतिहासिक है. आज हम व्यापार, सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी रिश्तों को लेकर अपने संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं.

### ये होंगे फायदे

- इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाएगा.
- भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है. यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150 प्रतिशत टैरिफ लगता है. इसे घटाकर 20-30 प्रतिशत किया जाएगा.
- भारत के 99 प्रतिशत से ज्यादा सामान अब यूरोपीय देशों में कम या बिना टैक्स के बिकेंगे.
- कपड़ा, चमड़ा, मछली, ज्वेलरी सेक्टर्स में 33 अरब डॉलर के निर्यात को सीधा फायदा.
- इन सामानों पर लगने वाला 10 प्रतिशत टैक्स एफटीए लागू होते ही खत्म हो जाएगा.
- भारत ने दूध, अनाज, पोल्ट्री, फल-सब्जी जैसे क्षेत्रों को एफटीए से बाहर रखा है.
- भारतीय आईटी, प्रोफेशनल और एजुकेशन सर्विसेज को ईयू में बड़ा बाजार मिलेगा.
- भारतीय कंपनियों और प्रोफेशनल्स को ईयू के 144 सर्विस सेक्टर्स में काम करने का मौका 7 ईयू को भारत के 102 सर्विस सेक्टर्स में एंट्री मिलेगी.
- भारतीय प्रोफेशनल्स को ईयू में काम और बिजनेस के लिए जाना आसान होगा.

यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कालास ने कहा कि जब वह दुनिया के अलग-अलग देशों में जाती हैं, तो देखती हैं कि अब ज्यादा देश यूरोप के साथ साझेदारी करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि यूरोप भरोसेमंद है और आज के समय में यह एक बड़ी अहमियत रखता है. उन्होंने कहा कि यूरोप समझौते करने में समय जरूर लेता है, लेकिन जब समझौता हो जाता है तो वह उसे निभाता है और लागू करता है. इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम में 100 से ज्यादा सीईओ शामिल हुए.

# 4 हजार मेगावाट के लगेंगे पॉवर प्लांट

## टोरेंट, अदानी और हिन्दुस्तान थर्मल के साथ हुआ एमओयू

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 जनवरी. बिजली के क्षेत्र में मप्र ने मंगलवार को नया मुकाम हासिल किया. प्रदेश में पॉवर प्लांट लगाने के लिये एक साथ तीन बिजली कंपनियों के साथ एमओयू किया गया.**



तीन बिजली कंपनियां प्रदेश में 4 हजार मेगावाट क्षमता का पॉवर प्लांट अनूपपुर जिले में स्थापित करेंगी. इसमें 60 हजार करोड़ रुपये का बड़ा निवेश होगा, वहीं 8 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा. ये प्लांट डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ओन एंड ऑपरेट यानी डीबीएफओओ मॉडल पर स्थापित होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में ये एमओयू समत्व भवन में किया गया.एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले तथा टोरेंट पॉवर लिमिटेड के जिगिश मेहता, अदानी पॉवर लिमिटेड के एसबी. खिलया तथा हिन्दुस्तान थर्मल प्रोजेक्ट्स के रतुल पुरी के बीच पॉवर सप्लाई एग्रीमेंट का आदान-प्रदान हुआ.

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली का महत्व शरीर में प्राणों की समान है. जैसे समस्त गतिविधियों के संचालन के लिए शरीर में प्राण आवश्यक है, वैसे ही किसी भी राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए पर्याप्त विद्युत उपलब्धता आवश्यक है. प्रदेश में 60 हजार करोड़ रूपए की लागत से 4 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन के लिए हुए समझौते प्रदेश के स्थाई विकास का आधार बनेंगे.

( शेष पेज 12 पर )




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/06/25